# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

**स्रोत: TH**

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के कई छात्रों ने मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS)

- **EMRS: एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS)** जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA) द्वारा **वर्ष 1998** में शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य दूरदराज़ और जनजातीय बहुल क्षेत्रों में **अनुसूचित जनजाति (ST) के छात्रों को कक्षा 6वीं से 12वीं** तक निःशुल्क, गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करना है।
- **उद्देश्य:** खेल, संस्कृति और कौशल प्रशिक्षण सहित **समग्र विकास** के साथ एकीकृत **CBSE-आधारित निर्देश** प्रदान करके **आदिवासी और गैर-आदिवासी आबादी** के बीच शैक्षिक अंतर को कम करना।
  - **पुनर्गठन और विस्तार**: इस योजना को **वर्ष 2018–19 में पुनर्गठित** किया गया ताकि इसका दायरा बढ़ाया जा सके। अब EMRS उन ब्लॉकों में स्थापित किये जा रहे हैं, जहाँ **50% से अधिक ST आबादी** है और **कम-से-कम 20,000 जनजातीय व्यक्ति** रहते हैं। इसका लक्ष्य **वर्ष 2026 तक 728 स्कूलों** की स्थापना करना है।
  - **शासन व्यवस्था**: इन विद्यालयों का संचालन **राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति (NESTS)** द्वारा किया जाता है, जो कि MoTA के अंतर्गत एक **स्वायत्त संस्था** है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - ये विद्यालय **सहशैक्षिक और पूर्णतः आवासीय** होते हैं, जिन्हें **नवोदय विद्यालयों के तर्ज** पर जनजातीय समुदाय पर विशेष ध्यान देते हुए स्थापित किया गया है।
  - ये **CBSE पाठ्यक्रम** का पालन करते हैं और छात्रों को **निःशुल्क शिक्षा** के साथ-साथ **सभी मूलभूत सुविधाएँ** प्रदान करते हैं।
  - **बुनियादी ढाँचा** में कक्षाएँ, प्रयोगशालाएँ, छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, खेल के मैदान और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये स्थान शामिल होते हैं।
  - प्रत्येक विद्यालय की क्षमता **480 छात्रों** की होती है, जिसमें **लैंगिक समानता** सुनिश्चित की जाती है।
  - **10% तक सीटें** गैर-जनजातीय (non-ST) छात्रों को आवंटित की जा सकती हैं।
  - **खेल कोटा के अंतर्गत 20% आरक्षण** एथलेटिक्स और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले **मेधावी ST छात्रों** के लिये निर्धारित है।

## जनजातीय शिक्षा हेतु अन्य पहल

- राजीव गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप (RGNF)
- व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र
- राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना
- पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति

**और पढ़ें:** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में भर्ती संबंधी चिंताएँ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eklavya-model-residential-schools-8